>

Title: Need to extend subsidy on light-weight tractors and power tillers under Macro Management of Agriculture Scheme to the farmers in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवं सीमावर्ती प्रदेश है। वहां बागवानी के साथ्-साथ कृषि ढालू एवं सीढ़ीनुमा छोटे-टोटे खेतों में होती है। इन खेतों में हैवी वेट ट्रैक्टर एवं पॉवर टिलर्स प्रयोग नहीं किए जा सकते हैं। वहां अधिकतर सीमान्त एवं लघु किसान हैं। भारत सरकार "मैक्रो मैनेजमेंट ऑफ एग्रीकल्चर" योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारत के किसानों को ट्रैक्टर्स/पावर्स टिलर्स खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, लेकिन इस योजना के अंतर्गत छोटे ट्रैक्टर्स और पॉवर टिलर्स पर किसी भी प्रकार की सब्सिडी नहीं दी जाती हे। मेरा आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश एवं अन्य हिमालयी क्षेत्र् के राज्यों में जहां सीमान्त एवं लघु किसान बहुतायत में हैं, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृत हैवी ट्रैक्टर्स/पॉवर टिलर्स की सूची में लाइट वेट ट्रैक्टर्स/पॉवर टिलर्स के मॉडलों को भी शामिल किया जाए, ताकि पहाड़ी राज्यों के किसानों को लाभ पहुंच सके और वहां के छोटे किसान भी अपनी पैदावार को बढ़ा सकें।